वर्ष 29 अंक 22
Pages 12
Bareilly, Tuesday,
3 October 2017
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 5 : BOTTOM

बिशप मंडल में आज चलेगा कविता और ठहाकों का दौर

» शाम आठ बजे शुरू होकर देर रात तक बहेगी हास्य, व्यंग्य और वीर रस की बयार

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 Oct): हास्य और व्यंग्य की कविताओं पर ठहाके लगाने, वीर रस को सुन रगों में लहू को उबलता महसूस करने और श्रृंगार रस की कविताएं सुनकर अपने प्रियतम को याद करने के लिए आपका इंतजार खत्म हो गया. दैनिक जागरण का कवि सम्मेलन मंगलवार को रात आठ बजे से बिशप मंडल इंटर कालेज में शुरू होगा. कवि सम्मेलन में अपने शहर के अजीम अंतरराष्ट्रीय शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी भी मौजूद रहेंगे. कवि सम्मेलन का संचालन अशोक चक्रधर करेंगे. दैनिक जागरण बरेली संस्करण के गौरवशाली 28 वर्ष पूरे होने पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इसमें मुख्य प्रायोजक बीएल

योगेंद्र शर्मा

डॉ. विष्णु सक्सेना

कुंवर बेचैन

दिनेश बावरा

डॉ. सुनील जोगी

अशोक चक्रधर

अपने शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी भी रहेंगे मंच पर मौजूद.

एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड और संयुक्त प्रायोजक एसआरएमएस, मारिया डे, इंवर्टिस यूनिवर्सिटी, फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स हैं. वहीं, सह प्रायोजक कोका कोला, हॉस्पिटैलिटी पार्टनर होटल पंचम कांटीनेंटल और रेडियो पार्टनर 91.9 एफएम रेडियो सिटी हैं. आउटडोर पार्टनर जागरण इंगेज है. इस कवि सम्मेलन में आपको पसंदीदा कवियों और शायरों को सामने सुनने का मौका मिलेगा, तो तैयार हो जाइए काव्य और व्यंग्य रस आनंद लेने के लिए, ये वो कवि हैं, जिन्होंने भारत के साहित्य और कविताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाम दिया है.

नवाज बढ़ाएंगे महफिल की शान

दैनिक जागरण के कवि सम्मेलन में मशहूर कवि शामिल होंगे, जिन्हें सुनने के लिए आप बेचैन हो जाएंगे. अपरिहार्य कारणों से शायर राहत इंदौरी का आना संभव नहीं हो पा रहा है. इस वजह से डॉ. नवाज देवबंदी महफिल की शान बढ़ाएंगे. साथ ही अशोक चक्रधर, कुंवर बेचैन, डॉ. सुनील जोगी, डॉ. विष्णु सक्सेना, योगेंद्र शर्मा और दिनेश बावरा भी काव्य पाठ करेंगे.

शाम चार बजे तक ही मिलेंगे पास

शनिवार को दैनिक जागरण में प्रकाशित कवि सम्मेलन के विज्ञापन की कटिंग लाने पर निशुल्क पास दिए जाएंगे. इसके लिए दैनिक जागरण के सिविल लाइंस स्थित दफ्तर के साथ ही, सौ फुटा रोड स्थित अंबे स्टोर, स्टेशन रोड स्थित होटल पंचम कांटिनेंटल और स्टेशन रोड स्थित रेडियो सिटी के सेंटर पर शाम चार बजे के बीच जाकर पास लिया जा सकता है. इसके बाद पास नहीं मिल सकेंगे.

सम्मानित होंगे डॉ. रवि प्रकाश

जिला विज्ञान क्लब बरेली के जिला समन्वयक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा के नाम से शायद कोई अनभिज्ञ हो. इन्होंने गांव की पगडंडी से लेकर राष्ट्रपति भवन में पुरस्कार पाने का सफर तय किया. प्रेमनगर निवासी डॉ. रवि प्रकाश ने अपनी लगन और परिश्रम से वैज्ञानिक विधि से शिक्षा देने में अलग पहचान बनाई.